# तेरे दर पे आ गए हैं | By Vikash Jha

तेरे दर पे आ गये हैं, हे श्याम अब सम्हालो ।
कर जोड़ प्रार्थना है, चरणों से अब लगालो ।।

तुमसे बड़ा दयालु, जग में ना कोई दूजा -2,
तुमसे मिला ये जीवन, करते हैं तेरी पूजा,
सौंपी है तुमको नैया,पतवार अब उठालो -2 ।। तेरे दर पे आ गये हैं....

चर्चे तेरी दया के, हमने सुने हैं दाता -2,
तेरे सिवा दयालु, कुछ भी हमें ना भाता,
रहमत को अपनी बाबा,हम पर जरा लुटालो-2 ।। तेरे दर पे आ गये हैं....

चौखट पे तेरी हमने,रखदी है अपनी अर्जी -2,
मानो ना मानो बाबा, आगे तुम्हारी मर्जी,
विश्वास है ये 'शिव' का,हमसे भी अब निभालो-2 ।।तेरे दर पे आ गये हैं....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%86-%e0%a4%97%e0%a4%8f-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-vikash-jha/